❖ **पारंपरिक गणगौर मेले पर हेरिटेज नगर निगम की बड़ी पहल....**

– ऐतिहासिक गणगौर माता की सवारी के दौरान पहली बार स्वच्छता प्रहरियों ने की हाथों हाथ सफाई।
– देशी अंदाज में विदेशी मेहमानों का आतिथ्य कर दिया स्वच्छता का संदेश।
– जीरो वेस्ट प्लान के तहत प्लास्टिक का नहीं किया उपयोग।
– हेरिटेज निगम आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा की पहल पर राजस्थान पर्यटन विभाग एवम जिला प्रशासन के सहयोग से मनाया जीरो
वेस्ट प्लान।

पारंपरिक त्योहार गणगौर मेले में गुरुवार को नगर निगम हेरिटेज की ओर से जीरो वेस्ट प्लान मनाया गया। इस दौरान जयपुर हेरिटेज नगर निगम, राजस्थान पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। हेरिटेज निगम आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा के निर्देश के बाद आमजन को स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से जीरो वेस्ट प्लान के तहत गणगौर मेला देखने आए विदेशी मेहमानों के लिए पारंपरिक व्यंजन घेवर प्लास्टिक के दौने की जगह पत्तो के दोने में में दिया गया, साथ ही पीने के पानी के लिए कांच की बोतल का उपयोग किया गया।

❖ **गणगौर सवारी निकलने के बाद स्वच्छ प्रहरियों ने की सफाई ।**

वहीं, गणगौर माता के मेले के दौरान सवारी निकलने के बाद में जयपुर नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने पूरे मार्ग की सफाई की। इस दौरान मार्ग में फैले गीले और सूखे कचरे को हूपर के माध्यम से उठाया गया। वहीं स्वच्छ प्रहरियों ने पूरे मार्ग की झाड़ू लगाकर सफ़ाई की। इस संबंध में अतिरिक्त आयुक्त सुश्री डा रौनक बैरागी ने बताया कि प्रतिवर्ष निकलने वाली गणगौर माता की सवारी को देखने के लिए हजारों लोग चारदीवारी में आते है। ऐसे में हेरिटेज निगम ने इनिशिएटिव लेकर पहली बार सवारी के बाद मार्ग में फैले कचरे को हुपर्स के माध्यम से हटाया। ताकि शहर की सड़के साफ रहे। इस दौरान 50 सफाई कर्मचारियों ने सड़क से कचरा उठाकर सड़क को साफ किया। इस दौरान मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डा सोनिया अग्रवाल, एक्सईएन मुख्यालय सुबोध कुमार, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सुभाष कुमार आदि मौजूद रहे।